संख्या-123/2022/1144ई/23-11-2022/005-1-1-32-2019

प्रेषक,

राज कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 26 अगस्त, 2022**

विषयः-वित्तीय वर्ष 2022-23 में राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-1161/CE-HQ1/RY(SH)/AGR/2022-23, दिनांक 20-08-2022, पत्र संख्या-1162/CE-HQ1/RY(SH)/PRJ/2022-23, दिनांक 20-08-2022, पत्र संख्या-1163/CE-HQ1/RY(SH)/ADY/2022-23, दिनांक 20-08-2022, पत्र संख्या-1164/CE-HQ1/RY(SH)/KNP/2022-23, दिनांक 20-08-2022 एवं पत्र संख्या-1165/CE-HQ1/RY(SH)/GON/2022-23, दिनांक 20-08-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य राजमार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढीकरण के अधोलिखित 07 चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 8745.51 लाख (रू0 सत्तासी करोड़ पैतालिस लाख इक्यावन हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/ प्रावैधिक/ बचत उपरान्त की लागत	अब तक आवंटन	अवमुक्त धनराशि		
					अनु0 सं0-58	अनु0 सं0-83	योग
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रा0ख0 मथुरा	जनपद मथुरा में कोसी-गोवर्धन-सौंख-फरह मार्ग (राज्य राजमार्ग सं0-142) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 35.62 कि0मी0)।	6519.86 6517.02 5910.95	5213.61	292.58	78.76	**371.34**
2	नि0ख0 कौशाम्बी	जनपद कौशाम्बी में कौशाम्बी पर्यटन स्थल को जनपद प्रयागराज मुख्यालय वाया एयरपोर्ट से फोर लेन से जोड़ने के कार्य (लम्बाई 31.85 कि0मी0)।	55877.16 55858.81	1381.50	3939.50	1060.50	**5000.00**
3	नि0ख0-3 बाराबंकी	जनपद बाराबंकी में भेलसर टिकैतनगर-रामनगर-फतेहपुर मार्ग (राज्य राजमार्ग सं0-127) के कि0मी0 52.600 से कि0मी0 74.230 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 21.630 कि0मी0)।	3351.38 3297.37	2681.10	355.66	95.74	**451.40**
4	प्रा0ख0 फर्रूखाबाद	जनपद फर्रूखाबाद में जलालाबाद-शमशाबाद-मोहम्मदाबाद-सौरिख-विधूना मार्ग (राज्य मार्ग सं0-163) के (भाग-2) मोहम्मदाबाद शमशाबाद मार्ग एवं मोहम्मदाबाद ताजपुर छिबरामऊ मार्ग (लम्बाई 24.07 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	4713.26 4670.76	2561.64	906.09	243.91	**1150.00**
5	प्रा0ख0 श्रावस्ती	जनपद श्रावस्ती में बहराईच (भिनगा) सिरसिया-तुलसीपुर-गुलरिहा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-158) के कि0मी0 29 (500) छूटा भाग (लम्बाई 0.500 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	121.60 113.66	90.00	18.64	5.02	**23.66**
6	नि0ख0 बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में बांसी इटवा बेलहा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-159) के चैनेज 47.000 से 77.825 (लम्बाई 30.825 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	8551.02	7413.28	559.41	150.59	**710.00**
7	प्रा0ख0 बलरामपुर	जनपद बलरामपुर में बहराईच-सिरसिया-तुलसीपुर-गुलरिहा मार्ग (राज्य मार्ग सं0-158) के चैनेज 69.050 से 85.00 (लम्बाई 15.95 कि0मी0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य।	5199.85	3899.92	818.63	220.37	**1039.00**
योगः-					**6890.51**	**1854.89**	**8745.40**

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय (1) रूपये 68,90,51,000(रूपये अड़सठ करोड़ नब्बे लाख इक्यावन हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054033370303 राज्य राजमार्गो के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण के चालू कार्यो हेतु व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य (2) रूपये 18,54,89,000(रूपये अट्ठारह करोड़ चौव्वन लाख नवासी हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 083 लेखा शीर्षक 5054037890300 राज्य मार्गो के चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण के कार्यो हेतु मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

<u>संख्या-123/2022/1144ई(1)/23-11-2022/005-1-1-32-2019, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राज कुमार)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in